खबर संक्षेप

कॉपरेटिव बैंक के सामने गोमती से लोहे के औजार पार

सतना। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉपरेटिव बैंक के सामने स्थित एक गोमती (गुमटी) को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बनाया है। चोर मौके का फायदा उठाकर गोमती में रखे लोहे के औजार सहित अन्य सामान चुराकर रफूचक्कर हो गए। दिनदहाड़े/रात में हुई इस चोरी की जानकारी मिलते ही आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में चर्चा का माहौल है। पीड़ित द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। शिकायत दर्ज कर सिटी कोतवाली पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है और अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।

मैहर में बिरसा मुंडा प्रतिमा विवाद पर हिंसक झड़प, क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील

मैहर। जिले के बदेरा क्षेत्र स्थित बहीली गांव में वन विभाग की भूमि पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना को लेकर चला आ रहा विवाद बुधवार को हिंसक हो गया। वन अमला जब कथित अतिक्रमण हटाने पहुंचा,तो ग्रामीणों और टीम के बीच कहासुनी के बाद पथराव शुरू हो गया।घटना की सूचना मिलते ही मैहर सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान और एसडीएम दिव्या पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। बताया जा रहा है कि यह विवाद पिछले डेढ़ महीने से जारी था। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन ने पूर्व में हुए लिखित समझौते का पालन नहीं किया,जबकि वन विभाग का तर्क है कि आरक्षित वन भूमि पर कोई भी निर्माण नियम विरुद्ध है। फिलहाल क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात है और स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

रेल कर्मचारियों ने किया रक्तदान

सतना। पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ सतना मेंन शाखा के अध्यक्ष कृतेश सिंह द्वारा बिरला हॉस्पिटल में रक्तदान किया गया। एक साथी कर्मचारी के पिता को रक्त की आवश्यकता पड़ने का जैसे ही पता चला उन्होंने कर्मचारी से बात करके बिरला हॉस्पिटल जाकर रक्तदान किया एवं इंसानियत का फर्ज अदा किया।

अमरपाटन-मुकुंदपुर मार्ग ठप, पुल के ऊपर से बहा पानी, दोनों ओर लगी वाहनों की लंबी कतारें

मूसलाधार बारिश से मैहर और अमरपाटन बेहाल मुर्जुआ नदी उफान पर आने से कई जिलों का संपर्क टूटा

ग्राम खरमसेडा और अमरपाटन के दुर्गा मंदिर कॉम्प्लेक्स में घुसा बारिश का पानी, व्यवस्थाओं की खुली पोल

सतना/मैहर। बुधवार सुबह से जारी रुक-रुक कर बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर हैं। सबसे गंभीर स्थिति अमरपाटन-मुकुंदपुर मार्ग पर देखने को मिली,जहाँ मुर्जुआ नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से पानी पुल के ऊपर से बहने लगा। इसके चलते मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया है और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। यह मार्ग मैहर को रीवा,सीधी और शहडोल जिलों से जोड़ने वाली मुख्य धुरी है,जिसके बंद होने से यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने लोगों से उफनते नदी-नालों को पार न करने और सतर्कता बरतने की अपील की है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार दिनभर में कुल 35.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। सुबह 8:30 बजे तक 6.4 मिमी और शाम 5:30 बजे तक 28.8 मिमी बारिश हुई। दिन का अधिकतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जबकि हवा में आर्द्रता 97 से 87 प्रतिशत के बीच रही।

1 घंटे की बारिश से खरमसेडा में जलभराव,घरों में घुसा पानी

अमरपाटन में ग्राम खरमसेडा में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण महज एक घंटे की बारिश ने विकास के दावों की पोल खोलकर रख दी।मुख्य मार्ग पर पानी का बहाव इतना तेज था कि पूरी सड़क जलमग्न हो गई। संतोष किराना स्टोर सहित आसपास के कई रिहायशी मकानों में बारिश का पानी घुस गया।आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि एक सप्ताह पूर्व उन्होंने जलजमाव के विरोध में सड़क पर रोपा(धान) लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया था,लेकिन इसके बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

दुर्गा मंदिर कॉम्प्लेक्स में जलभराव

अमरपाटन नगर के दुर्गा मंदिर कॉम्प्लेक्स में जल निकासी की समस्या को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष समर सिंह ने मौके पर पहुँचकर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि नाली का गलत निर्माण होने के कारण क्षेत्र में जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही है। नगर परिषद अध्यक्ष ने स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों को जल्द से जल्द नालियों की सफाई कराने और समस्या का स्थायी समाधान निकालने का आश्वासन दिया है।

मांगों को लेकर अड़े पटवारीः भारी बारिश के बीच तीसरे दिन भी हड़ताल जारी, तहसील अध्यक्ष ने विरोध में किया रक्तदान

सतना। प्रांतीय पटवारी संघ के आह्वान पर अपनी न्यायसंगत मांगों को लेकर शुरू की गई पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के तीसरे दिन भी आंदोलन पूरी प्रखरता के साथ जारी रहा। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बावजूद पटवारियों के हौसले पस्त नहीं हुए और संघ के सदस्यों ने पूर्ण उपस्थिति दर्ज कराते हुए धरना स्थल पर अपनी मजबूती दिखाई। मौसम की विपरीत परिस्थितियों के बीच आंदोलनकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक उनकी लंबित मांगों का पूर्ण और ठोस समाधान नहीं होता,तब तक यह संघर्ष इसी ऊर्जा और एकजुटता के साथ जारी रहेगा।

शासकीय पत्रों और नोटशीट का दिया हवाला

आंदोलन के बीच प्रशासनिक घटनाक्रम भी तेजी से बदले हैं। शासन और जन प्रतिनिधियों की ओर से पटवारियों की मांगों के संदर्भ में पत्र तथा नोटशीट जारी की गई हैं। संघ के पदाधिकारियों ने पूर्व राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और वर्तमान राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा जारी शासकीय पत्रों व नोटशीट का हवाला देते हुए कहा कि यद्यपि शासन स्तर पर मांगों को स्वीकार करने और सकारात्मक पहल के संकेत मिले हैं,लेकिन जब तक ज़मीनी स्तर पर इनका पूर्ण क्रियान्वयन और ठोस आदेश जारी नहीं होते,पटवारी अपने अधिकारों के लिए पीछे नहीं हटेंगे।

बिना जांच एफ आईआर पर रोक और वेतन वृद्धि प्रमुख मांगें

धरना स्थल पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि शासन द्वारा दिए गए आश्वासनों और पत्राचार से यह साबित होता है कि पटवारियों की मांगें पूरी तरह जायज हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना प्राथमिक जांच के सीधी रपट दर्ज करने पर रोक लगाई जाए। वेतनमान में वृद्धि की जाए। भत्तों का सामयिक भुगतान हो। विभागीय पदोन्नति जैसे प्रमुख बिंदुओं पर लिखित और स्थायी आदेश अमल में लाए जाएं। जब तक ये मांगें पूरी नहीं होतीं,केवल आश्वासनों के भरोसे आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल हुए पटवारी

बुधवार को आयोजित विरोध-प्रदर्शन में तहसील बिरसिंहपुर के तहसील अध्यक्ष हरिओम एवं मझगवां के तहसील अध्यक्ष आशीष की अगुवाई में भारी संख्या में पटवारियों ने सहभागिता की। धरना स्थल पर मुख्य रूप से धर्मेंद्र पांडे,अखंड सिंह,अनूप पांडे,शैलेश तिवारी,बृजेश निगम,रीना मिश्रा,आराधना त्रिपाठी ,इंदा प्रजापति,महेंद्र सिंह,प्रशांत त्रिपाठी,माधवी बागरी,रावेंद्र बागरी,अंजलि सिंह,प्रीति गर्ग,रूबी बागरी, देवाश्री द्विवेदी,तनु सोनी और नीलम बागरी सहित बड़ी संख्या में पटवारी साथी मौजूद रहे। पटवारी संघ ने शासन से पुनः पुरजोर मांग की है कि जारी पत्रों और आश्वासनों को शीघ्र अंतिम आदेश का रूप देकर लंबित समस्याओं का निराकरण किया जाए,ताकि आम जनता के राजस्व संबंधी कार्य सुचारू रूप से पुनः प्रारंभ हो सकें। पटवारियों के धरने के बीच म.प्र.पटवारी संघ तहसील रघुराज नगर (सतना) के अध्यक्ष शैलेश कुमार तिवारी ने अनोखे अंदाज में विरोध जताते हुए रक्तदान किया।

एकेएस विश्वविद्यालय एवं साइटोलाइफ एग्रीटेक के बीच एमओयू

कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं कौशल विकास को मिलेगा नया आयाम

सतना। एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के कृषि संकाय एवं साइटोलाइफ एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड,मुंबई के बीच कृषि शिक्षा,अनुसंधान,कौशल विकास,इ ंटर्नशिप, प्रशिक्षण तथा उद्योग-शिक्षा सहयोग को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के माध्यम से विद्यार्थियों को कृषि तकनीकों,औद्योगिक प्रशिक्षण,अनुसंधान परियोजनाओं तथा रोजगारोन्मुख अवसरों का लाभ मिलेगा। साइटोलाइफ एग्रीटेक मृदा एवं पौध परीक्षण,प्रिसिजन एग्रीकल्चर,जैविक एवं टिकाऊ कृषि,कृषि परामर्श,किसान प्रशिक्षण तथा अत्याधुनिक कृषि तकनीकों के क्षेत्र में कार्यरत अग्रणी एग्रीटेक कंपनी है। साइटोलाइफ एग्रीटेक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ.अमित त्रिपाठी ने कहा,एकेएस विश्वविद्यालय में कृषि शिक्षा,अनुसंधान और कौशल विकास के लिए मजबूत शैक्षणिक आधार तथा नवाचार को बढ़ावा देने वाला सकारात्मक वातावरण है। विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर इंजी.अनंत कुमार सोनी ने कहा आज कृषि क्षेत्र तकनीक आधारित बदलाव के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में विश्वविद्यालय और उद्योग के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। यह एमओयू विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराएगा। हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ कौशल से भी समृद्ध बनाकर कृषि क्षेत्र में नवाचार और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना है। एमओयू हस्ताक्षर समारोह में एकेएस विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिकुलपति प्रो. आर.एस.त्रिपाठी,कृषि संकाय के डीन प्रो.अशोक कुमार भौमिक तथा कृषि विभागाध्यक्ष डॉ.नीरज वर्मा उपस्थित रहे। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी कृषि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने,अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों को वैश्विक कृषि उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

पुलिस ने विद्यार्थियों को किया कानून,सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक

सतना। पुलिस ने "सृजन संवाद"कार्यक्रम के तहत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-01 में जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) गौरव पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों को भारतीय संविधान,नागरिक अधिकारों,यातायात नियमों और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। एएसपी गौरव पाण्डेय ने कानून के पालन और जिम्मेदार नागरिकता पर मार्गदर्शन दिया। महिला थाना प्रभारी श्रीमती श्वेता मौर्या ने पॉक्सो एक्ट और बालिकाओं की सुरक्षा के कड़े प्रावधानों की जानकारी दी। सूबेदार श्रीमती रामादेवी राय ने सड़क दुर्घटनाओं से बचाव और यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया। साइबर शाखा के प्रधान आरक्षक विपेन्द्र मिश्रा ने ऑनलाइन धोखाधड़ी और सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल के तरीके बताए। यह कार्यक्रम प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है। योजना के अगले चरण में विद्यार्थियों को पुलिस थानों का भ्रमण और डायल-112 की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव कराया जाएगा,जिससे पुलिस और युवाओं के बीच संवाद एवं विश्वास को और मजबूती मिल सके।

आमकुई हत्याकांडः पीड़ित परिजनों को न्याय का भरोसा, सीआईडी जांच की मांग

सतना। जिला अस्पताल से मृतक अतुल कुशवाहा का शव लेकर प्रयागराज रवाना हुए परिजनों का गुस्सा शांत नहीं हो रहा है। परिजनों ने प्रशासन की कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त करते हुए मामले की सीआईडी या उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। बुधवार को नागौद एसडीओपी कार्यालय में ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई थी,जिसे देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से सीएसपी डीपी सिंह चौहान ने कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया था। इधर,वरिष्ठ कांग्रेस नेता व शहर कांग्रेस कमेटी नागौद के अध्यक्ष एडवोकेट मुखतार अहमद सिद्दीकी ने पीड़िता के परिजनों और एसडीओपी से चर्चा की। उन्होंने हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए रिश्तेदारों को समझाइश देकर शांत कराया। बगहा के पास एम्बुलेंस की उचित व्यवस्था न हो पाने के कारण परिजनों को शव के साथ रुकना पड़ा। सतना कलेक्ट्रेट घेराव की आशंका को देखते हुए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

कलेक्टर ने किया मझगवां एवं चित्रकूट क्षेत्र का निरीक्षण

सतना। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने बुधवार को मझगवां एवं चित्रकूट क्षेत्र का भ्रमण कर शासकीय कार्यालयों तथा विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने तथा आमजन की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर सबसे पहले मझगवां पहुंचे,जहां उन्होंने एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं लोक सेवा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों में अभिलेखों के संधारण, कार्यप्रणाली एवं नागरिक सेवाओं की स्थिति का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत तहसील परिसर स्थित शासकीय आवासीय कॉलोनी का निरीक्षण कर भवनों की मरम्मत एवं आवश्यक रख-रखाव कार्य शीघ्र कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।इसके बाद कलेक्टर चित्रकूट पहुंचे,जहां उन्होंने चित्रकूट विकास के तहत पर्यटन विभाग द्वारा बनाये जा रहे परिक्रमा पथ तथा स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत मंदाकिनी घाटों पर संचालित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मोहकमगढ़ तिराहे से चित्रा (उत्तरप्रदेश सीमा) तक मुख्य मार्ग का भी जायजा लिया। सड़क पर लगाए जा रहे डिवाइडरों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था और नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिवाइडरों का निर्माण एवं स्थापना व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित की जाए,ताकि आवागमन सुरक्षित और सुगम हो सके।

ग्राम गुलुवा में तेंदुए का आतंक,हमले में 8 भेड़ों की मौत, कई घायल

सतना। जिले के कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुलुवा में तेंदुए के हमले से हड़कंप मच गया। तेंदुए ने भेड़ों के एक झुंड पर अचानक हमला कर दिया,जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस हिंसक हमले में 8 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि कई अन्य भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार,पीड़ित पशुपालक का नाम रामसोहन पाल उर्फ बिद्दू बताया जा रहा है। घटना के बाद से ग्रामीण दहशत में हैं।



मुम्बई अस्पताल में उपचाररत पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी को देखने पहुंचे डॉ. रघुपत सिंघानिया प्रबंध निदेशक जे.के. सीमेन्ट लिमिटेड

मां कंकाली की कृपा से पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी जहां पैर को लेकर कई बार इलाज के लिये कई अस्पतालों में सतत करा रहे है वहीं वर्तमान में मुम्बई अस्पताल में उपचाररत पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी के स्वास्थ्य को देखने के लिये जे.के. सीमेन्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ0 रघुपत सिंघानिया यहां पवई विधायक के स्वास्थ्य को लेकर मां कंकाली की सेवा व उनके स्थान के विकास को लेकर जिनका प्रयास सदैव जाना जा रहा है ऐसे विधायक के स्वास्थ्य को लेकर मां की कृपा की ही मानी जा रही है, क्योंकि कई बार पैर को लेकर समस्या तो बनी पर आम जनता के बीच में समस्याओं के निदान के लिये स्वयं प्रहलाद लोधी विधायक पवई पहुंचते है जिसमें मां की ही कृपा मानी जा रही है।

पन्ना।

पवई विधाकय प्रहलादसिंह लोधी पैर के इलाज को लेकर इन दिनों मुम्बई अस्पताल में कई दिनों से उपचाररत है वैसे तो आप स्वयं के साहस व सतत पैर की चोट की परवाह न करते हुये अपनी विधानसभा में जनता के बीच उनकी समस्याओं को सुनने पहुंच जाते है यह भी देखा गया पैर का ऑपरेशन होने के बाद अपनी परवाह न करते हुये जनता से रू-ब-रू होने के लिये जिस तरह से कई बार ग्रामीण क्षेत्रों में आप पहुंचे जिसके कारण पैर को लेकर पुनः समस्या बनी। पर मां कंकाली की कृपा आप पर सदैव बनी हुई है क्योंकि जिस तरह से लंबे अर्से से जिस तरह से स्वास्थ्य को लेकर आप परेशानी के दौर से गुजर रहे है फिर भी स्वस्थ्य होकर आप जनता की सेवा में लग जाते है। यहां तक की विधानसभा क्षेत्र में मां कंकाली के स्थान में हजारों की संख्या में जिस तरह से बेटियों के हांथ पीले करवाने के लिये आपके प्रयास जो देखे गये है वह काबिले तारीफ है वहीं कोरोना काल में भी मौत के मुंह से निकलकर स्वस्थ्य होकर आम जनता की सेवा में जाने गये। पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी निश्चित ही मां कंकाली की सेवा व विकास को लेकर जिस तरह से आपकी लगन व दृढ इच्छा शक्ति देखी गई है यहां मां कंकाली के स्थान का विकास आज स्वयं साक्षी है फिर मां कंकाली की कृपा से एक बार फिर आपके स्वास्थ्य की कामना की जा रही है। जिनकी कृपा सदैव आप पर बनी हुई है। वहीं मुम्बई के अस्पताल में उपचाररत के दौरान आपको देखने के लिये स्वास्थ्य जानने के लिये जे.के. सीमेन्ट लिमिटेडप्रबंध निदेशक रघुपत सिंघानिया स्वयं पहुंचे निश्चित ही यह कहीं न कहीं आपकी कार्यप्रणाली जो सीधे सरलता तथा अपने क्षेत्र के विकास को लेकर तत्परता से जहां जे.के. सीमेन्ट पन्ना की उद्योग के आने से जिसत रह से पवई विधानसभा के कई गावों को आज विकास व रोजगार की दिशा जो तय हुई है उसका परिणाम भी माना जा रहा है यहां जिला अस्पताल मुम्बई में शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना भी मां कंकाली से की जा रही है। ताकि क्षेत्र के विकास में आपका योगदान पूर्व की तरह पुनः बन सके।

आवारा मवेशी से बाइक हादसा, भाई-बहन गंभीर घायल, तहसीलदार कोमल सिंह ने दिखाई मानवता

घायलों के उपचार के लिसे अपनी गाड़ी में लेकर शाहनगर अस्पताल समय पर पहुंचाया

पन्ना। शाहनगर क्षेत्र के पुरैना टेक के पास आवारा मवेशी के कारण हुए सड़क हादसे में बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से गुजर रही शाहनगर तहसीलदार कोमल सिंह ने तत्परता दिखाते हुए अपना शासकीय वाहन रुकवाया और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर पहुंचाया। जानकारी के अनुसार ग्राम नुनागर निवासी धीरेन्द्र सिंह अपनी बहन अंजनी सिंह के साथ रिश्तेदारी से बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पुरैना टेक के पास अचानक एक आवारा मवेशी सड़क पर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर में पदस्थ डॉ. आशीष तिवारी ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार अंजनी सिंह के हाथ में गंभीर चोट आई है, जबकि धीरेन्द्र सिंह के सिर में गंभीर चोट होने के कारण दोनों को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय कटनी रेफर किया गया। इस बीच, घटनास्थल से गुजर रहीं तहसीलदार कोमल सिंह ने बिना देर किए घायलों को अस्पताल पहुंचाकर समय पर उपचार सुनिश्चित कराया। उनके इस मानवीय और संवेदनशील कदम की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है। यह हादसा एक बार फिर सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करता है। स्थानीय लोगों ने दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

खबर संक्षेप

बुजुर्ग महिला ने बेटे-नाती पर खेत कब्जाने, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप

अमानगंज। अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मडैयन पायक निवासी 65 वर्षीय कमलरानी ठाकुर ने अपने छोटे बेटे और नाती पर खेत पर कब्जा करने की कोशिश, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, फरियादिया कमलरानी ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि करीब 20 वर्ष पहले परिवार में जमीन-जायदाद का बंटवारा हो चुका था, जिसमें उन्हें लगभग साढ़े तीन एकड़ कृषि भूमि मिली थी। आरोप है कि 4 अगस्त की सुबह उनका छोटा बेटा पूरन सिंह और नाती रामू सिंह उर्फ प्रीतम सिंह उनकी भूमि की जुताई कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो दोनों ने उनके साथ अभद्र गाली-गलौज की और मारपीट करने दौड़े। महिला का आरोप है कि मौके पर मौजूद यशपाल सिंह, कमलेश सिंह और बिहारी सिंह ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपियों ने उन्हें जान से मारने और घर से बेदखल करने की धमकी दी। अमानगंज थाना पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 296(बी), 351(3) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पंकज दुबे ने संभाला वन परिक्षेत्र अधिकारी पवई का पदभार

वन्य जीव एवं वन सुरक्षा को बताया अपनी पहली प्राथमिकता

पवई। बीते दिनों मध्य प्रदेश वन विभाग के द्वारा वनपाल,वन परिक्षेत्र अधिकारियों एवं वन रक्षकों के स्थानांतरण का आदेश जारी किए गए थे,आदेश के अनुसार पवई में पदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल को सागर जिले की बंडा तहसील में वन परिक्षेत्र अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया, इसके साथ ही पन्ना जिले के अजयगढ़ वन परिक्षेत्र में पदस्थ अधिकारी पंकज दुबे को पवई वन परिक्षेत्र का कार्य भार सौंपा गया। पदभार संभालने के उपरांत पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा के दौरान उन्होंने वन्य जीवों की सुरक्षा,जंगलों की कटाई, वन भूमि पर अतिक्रमण व वन क्षेत्र से जुड़ी हुई अन्य गतिविधियों को अपनी पहली प्राथमिकता बताया साथ उन्होंने आमजन के नाम संदेश दिया कि वन प्रकृति की धरोहर है यह हमारे प्राण दाता हैं इसलिए उन्हें काटना नहीं चाहिए इसके साथ ही जितना पृथ्वी पर मनुष्य का अधिकार है उतना ही जंगली जीवों का भी अधिकार है इसके साथ ही प्राकृतिक संतुलन और परिस्थितिकी तंत्र के संतुलन के लिए भी वन्य जीवों का होना जरूरी है,इसलिए उन्हें किसी प्रकार की कोई हानि न पहुंचाए।

सीएमओ महोदय ने किया इंटेक वेल का निरीक्षण, पेयजल व्यवस्था का लिया जायजा

अमानगंज। नगर परिषद अमानगंज के सीएमओ एवं जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी शशिकपुर गड़पाले ने इंटेक वेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था एवं अन्य कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कार्यदायी एजेंसी (ठेकेदार) को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने तथा नगरवासियों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शारदा खटिक सहित नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

10 करोड़ नशा मुक्ति अभियान का शुभारंभ

युवा आत्मबल एवं सशक्त बने ब्रह्माकुमारी

सकारात्मक जीवन परिवर्तन का जन आंदोलन ब्रह्माकुमारी

अपने परिवार एवं समाज को नशा मुक्त बनाए ब्रह्माकुमारी

पन्ना विधायक ने 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान का किया शुभारंभ

पन्ना। ब्रह्मा कुमारीज के 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान का विशाल रूप से हुआ भव्य शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह जी के द्वारा किया गया,इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि नशा समाज और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती है उन्होंने सभी नागरिकों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जागरूक और संस्कारित समाज निर्माण में सहभागी बनने का आवाहन किया उन्होंने ब्रह्माकुमारी के इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के लिए एक श्रेष्ठ कदम है। बहन ने कहा यह अभियान ब्रह्मा कुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका परम आदरणीय राज योगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्य स्मृति को समर्पित है आपने अभियान के बारे में संबोधित करती हुई कहां भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं ब्रह्मा कुमारीज के सहयोग से सभी को नशा मुक्त होने के लिए प्रतिज्ञा कराई जा रही है बहन जी ने अभियान का उद्देश्य केवल 10 करोड़ प्रतिज्ञा एकत्र करना नहीं बल्कि 10 करोड़ नागरिकों में सकारात्मक जीवन परिवर्तन का जन आंदोलन खड़ा करना है,इसके माध्यम से नागरिकों को नशा मुक्ति स्वस्थ एवं मूल्य निष्ठ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा राजयोग मेडिटेशन मूल्य शिक्षा, युवा सहभागिता तथा सामुदायिक जन जागरण के माध्यम से व्यक्ति के आत्म बल, आत्म सम्मान एवं सकारात्मक सोच को सशक्त बनाकर नशा मुक्त जीवन की प्रतिज्ञा कराना है, यह नशा मुक्ति जन आंदोलन 6 से 20 अगस्त तक विशाल रूप से स्कूल, कॉलेज एवं अन्य संगठन, गांव, गांव सभी जगह दिया जाएगा नशा मुक्ति का संदेश, कार्यक्रम में, उमराव सिंह सीईओ, श्रीमती निशा जैन, एवं पन्ना जिले के सभी ब्रह्माकुमारी से जुड़े हुए भाई बहनों ने हिस्सा लिया।

दक्षिण पन्ना वन मण्डल के मोहन्द्रा परिक्षेत्र में सीलोन ओक (कुम्भी) वृक्ष की पहचान

पन्ना। दक्षिण पन्ना वनमण्डल के मोहन्द्रा वन परिक्षेत्र में नियमित वन गश्त के दौरान एक दुर्लभ सीलोन ओक (कुम्भी) वृक्ष की पहचान की गई। वनपाल जगदीश प्रसाद अहिरवार ने बीट पश्चिम मोहन्द्रा के वन कक्ष 1232 में इस वृक्ष को चिन्हित किया। इसका वानस्पतिक नाम केरिया अर्बोरिया (ब्तमलं तइवतमं) है, जो लेसिथाइडेसी (स्मबलजीपकंबमंम) कुल का सदस्य है। इसे सामान्यतः सीलोन ओक, जंगली अमरूद तथा संस्कृत में कुम्भी के नाम से जाना जाता है। इसके घड़े (कुम्भ) के समान आकार के फल, बड़ी एवं चिकनी पत्तियाँ तथा शीत ऋतु में हरी पत्तियों का लाल रंग में परिवर्तित होना इसकी प्रमुख विशेषताएँ हैं। यह वृक्ष सामान्यतः 15 से 48 फीट तक ऊँचा होता है तथा इसके फल रसीले एवं स्वादिष्ट होते हैं। आयुर्वेद एवं लोक चिकित्सा में इसकी छाल और पत्तियों का उपयोग घाव भरने, खाँसी तथा पेट संबंधी समस्याओं के उपचार में किया जाता रहा है। वर्तमान समय में प्राकृतिक वनों में यह प्रजाति अपेक्षाकृत दुर्लभ होती जा रही है। दक्षिण पन्ना वनमण्डल ने इस महत्वपूर्ण वनस्पति की उपस्थिति को क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता का प्रतीक बताते हुए ऐसे दुर्लभ वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता पर बल दिया।

बूढ़ा सिमरी के पास पुलिया की रेलिंग से टकराई बाइक, एक की मौत, किशोर गंभीर

रिश्तेदारी में जा रहे थे दोनों युवक, 108 एम्बुलेंस से सीएचसी पवई लाया गया; घायल जिला अस्पताल रेफर

पवई। पवई-मोहन्द्रा मार्ग पर बूढ़ा सिमरी के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पुलिया की रेलिंग से मोटरसाइकिल टकराने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार बुधवार शाम लगभग 5रू30बजे काशीराम आदिवासी (32) एवं साहुल आदिवासी (16) निवासी ग्राम बघाई, रिश्तेदारी में पटोरी जा रहे थे। बूढ़ा सिमरी के मोड़ के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पुलिया की रेलिंग से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना की सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई लाया गया। यहां चिकित्सकों ने काशीराम आदिवासी को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल साहुल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया गया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। 108 एम्बुलेंस के पायलट मनोज पटेल ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई पहुंचाया, जहां एक युवक को मृत घोषित किया गया तथा दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

जेके सीमेंट पन्ना का पशुधन विकास कार्यक्रम 22,800 से अधिक किसान लाभान्वित

उन्नत नस्ल सुधार पशु स्वास्थ्य सेवाओं में त्वरित उपचार की सहायता पशु पालकों के लिये दुग्ध उत्पादन बढाने और ग्रामीण परिवारों की आय बढाने का जे.के. सीमेन्ट का सराहनीय प्रयास

अमानगंज।

जेके सीमेंट पन्ना द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत ''जेके ट्रस्ट'' के सहयोग से संचालित पशुधन विकास कार्यक्रम ने जिले के ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन को नई दिशा दी है। कार्यक्रम के तहत पन्ना जिले के 3 ब्लॉकों में 30 केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों के माध्यम से अब तक 22,854 किसानों एवं पशुपालकों को सीधा लाभ मिला है। इस पहल का उद्देश्य उन्नत नस्ल सुधार, त्वरित पशु स्वास्थ्य सेवा, संतुलित पोषण और क्षमता निर्माण के जरिए दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि करना है।

कार्यक्रम की प्रमुख उपलब्धियां -

नस्ल सुधार 29,338 कृत्रिम गर्भाधान किए गए। 19,911 में गर्भाधान की पुष्टि हुई और 8,150 उन्नत नस्ल के बछड़े पैदा हुए। 1,516 पशुओं का बधियाकरण भी किया गया। स्वास्थ्य सेवाएं 1,68,690 परजीवी नियंत्रण, 64,140 पेट के कीड़ों का उपचार, 26,524 प्राथमिक चिकित्सा, 26,268 टीकाकरण और 12,268 बांझपन उपचार किए गए। 575 पशु स्वास्थ्य शिविर भी लगाए गए। पोषण- 6,934 पशुपालकों को चारा बीज व आहार वितरित किया गया। साथ ही 510 यूनिट मिनरल मिक्स्चर दिया गया। जागरूकतारू 4,310 प्रसार कार्यक्रम और 240 अग्रणी पशुपालकों के लिए 4 अध्ययन यात्राएं आयोजित की गईं। जेके सीमेंट और जेके ट्रस्ट की इस पहल से

गांवों में पशु स्वास्थ्य सुधरा है और दुग्ध उत्पादन बढ़ने से किसानों की दैनिक आय में भी इजाफा हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस ब्‍ प्रयास की सराहना की है।

जिला पंचायत में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि, पन्ना।

जिला चिकित्सालय में रक्तल्पता के बढते प्रकरणों को मद्देनजर जिला पंचायत परिसर में 5 अगस्त को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी के आवाहन पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में संपन्न इस कार्यक्रम में पन्ना विधायक ब्रजेंद्र प्रताप सिंह, कलेक्टर ऊषा परमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. पी. तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता सेवानिवृत्त परियोजना अधिकारी संजय सिह परिहार सहित जिला पंचायत, जनपद पंचायत पन्ना अन्तर्गत अधिकारी कर्मचारी, सरपंच, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं राज्य आजिविका मिशन के अधिकारी-कर्मचारी तथा समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर रक्तदान किया। विधायक ब्रजेंद्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में स्थानीय प्रशासन के इस कदम की सराहना की और कहा कि इस तरह के शिविर और अधिक स्थानों पर नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए ताकि रक्त की कमी से होने वाली जानहानियों को रोका जा सके। कलेक्टर उषा परमार ने बताया कि जिले में लगातार रक्त की कमी के कारण लोगों को गम्भीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए यह पहल एक अच्छी शुरुआत है। उन्होंने नागरिकों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिये आगे आने का आग्रह किया।
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. पी. तिवारी ने कहा कि रक्त एक प्राकृतिक दान है जिसे खरीदा नहीं जा सकता, केवल स्वप्रेरणा से दान करके ही अन्य लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने रक्तदान के संबंध में फैली भ्रांतियों को दूर करने पर भी जोर दिया और कहा कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है तथा दाताओं का स्वास्थ्य जांच के बाद सुनिश्चित किया जाता है। डॉ. आलोक गुप्ता और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शिविर में आए दाताओं की श्रेणीवार जांच, रक्तसंचयन और सुरक्षा

मानकों का पालन करते हुए प्रक्रिया संपन्न कराई। कार्यक्रम में सेनेटेशन, प्राथमिक उपचार और दाताओं के लिये स्वल्पाआहार की व्यवस्था भी की गई थी। शिवर में रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र प्रदान करते पुष्प गुच्छ एवं पुष्प माला से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के आयोजन मे रहा इनका सराहनीय सहयोग

रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में जनपद पंचायत पन्ना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयशंकर तिवारी, आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला, परियोजना अधिकारी पियूष मिश्रा, खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत पन्ना घनश्यामदास शर्मा समर्थन संस्था के ज्ञानेन्द्र तिवारी, हल्काई यादव, सहित जिला पंचायत अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ जिला चिकित्सालय पन्ना के ब्लड बैंक आफिसर डॉ प्रवीण कुमार द्विवेदी, लेब टेक्नीशियन रामनाथ ओमरे सहायक मस्त राम रजक, प्रभात मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।

शिविर में 50 यूनिट रक्त हुआ संग्रह

जिला पंचायत परिसर में रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साह दिखाया शिविर में कुल 80 व्यक्तियों ने पंजीयन कराया जिनमें से रक्तदान के लिए पात्र पाये गये कुल 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। जिससे शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। आयुष शिविर के दौरान रक्तदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर रक्तदान करने वालों में मृदुल श्रीवास्तव, श्रीमती राकेश अग्निहोत्री, इब्राहीम खान रश्मि दीक्षित, मोहन लाल अनुरागी, प्रतीक तिवारी , एम. ए. फारूख, ज्ञानेन्द्र तिवारी, पंकज दुबे, अनुराग शिवहरे, चित्रभान यादव, पंकज विश्वकर्मा, नारायण चन्द्र वाइन, दीपक दास, अरविन्द मिश्रा, मनोज सिह, विश्वनाथ प्रताप सिंह बुन्देला, लोकेन्द्र सिंह यादव, महेन्द्र सिंह, कालीचरण सिंह यादव, रविन्द्र नाथ डे, अनूप रावत, रोहित द्विवेदी, संजू शुक्ला, पूरन आदिवासी, रामस्वरूप यादव,मुकेश त्रिपाठी, रविकुमार सेन, अमित शुक्ला, कमलेश कुमार पाठक, राकेश कुमार वर्मा, गणेश कुशवाहा, अखिलेश कुमार शर्मा, सुनील कुमार जैन, अखिलेश मिश्रा, गौरव बुन्देला, हरिराम रैकवार, ओमप्रकाश त्रिवेदी, सुनील शिवहरे, मनीष अवस्थी, विक्रम सिह परमार, बलराम पटेरिया, संतोष साहू, अरविन्द राय, अतुल रावत, नवनीत सिंह, आशीष पटेल आशीष शिवहरे, संतोष दिवेदी पारस गुप्ता शामिल रहे।

पीएम श्री विद्यालय में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पन्ना। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश सिंह के मार्गदर्शन तथा पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट हाई स्कूल कुंजबन विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद रजा खान के सहयोग से विद्यालय में मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कविता पांडे, परामर्शदाता भूमि यादव एवं कोतवाली से प्रधान आरक्षक कल्पना बागरी ने छात्र-छात्राओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह रोकथाम, वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं और साइबर क्राइम से बचाव की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही महिलाओं व बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। तथा अधिकारियों ने बालक-बालिकाओं के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा के सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

पन्ना। आयुष्मान आरोग्य मंदिर मकरंदगंज में पदस्थ दवासाज देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा के 31 जुलाई 2026 को सेवानिवृत्त होने के उपरांत, 05 अगस्त 2026 को जिला आयुष कार्यालय पन्ना में उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु द्विवेदी ने श्री मिश्रा द्वारा शासकीय सेवा में रहते हुए निष्ठा एवं सेवाभाव से किए गए कार्यों की सराहना की और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। समारोह में उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री मिश्रा के साथ बिताए अनुभवों एवं उनके प्रति सम्मानजनक विचारों को साझा किया। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा को शॉल व श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, विभिन्न आयुष संस्थाओं में पदस्थ कर्मचारी तथा जिला आयुष कार्यालय का समस्त अमला उपस्थित रहा।

प्रेम प्रसंग में युवक को बोलेरो से उठा ले गए, बेरहमी से पीटा; इलाज के दौरान मौत

छतरपुर। गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम घटरा में प्रेम प्रसंग को लेकर एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल युवक की जिला अस्पताल छतरपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बाद पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं परिजनों ने घटना में 7-8 अन्य लोगों के शामिल होने का आरोप लगाया है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत घटरा निवासी अरविंद कुशवाहा पिता लखनलाल कुशवाहा का गांव की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि इसी बात से नाराज रामदीन कुशवाहा, पूरन कुशवाहा और उनके कुछ साथियों ने अरविंद को रास्ते में रोक लिया। इसके बाद उसे बोलेरो वाहन में जबरन बैठाकर सुनसान स्थान पर ले गए, जहां उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। आरोपियों पर अरविंद को गंभीर रूप से घायल करने के बाद मरा हुआ समझकर पहाड़ी क्षेत्र में छोड़कर फरार होने का आरोप है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद गौरिहार थाना पुलिस ने युवक की तलाश के लिए टीम गठित की। खोजबीन के दौरान अरविंद गांव के पास पहाड़ी क्षेत्र में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। उसे तत्काल उपचार के लिए गौरिहार अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान सुबह करीब 8 बजे अरविंद ने दम तोड़ दिया। मृतक के चाचा सल्ला कुशवाहा ने आरोप लगाया कि रामदीन कुशवाहा ने अपने 7-8 साथियों के साथ अरविंद को रास्ते में रोककर मारपीट की और जबरन अपने साथ ले गया था। बाद में उसे गंभीर रूप से घायल अवस्था में छोड़ दिया गया। परिजनों का यह भी आरोप है कि अरविंद के पास करीब 30 से 40 हजार रुपये थे, जो घटना के बाद उसके पास नहीं मिले। परिजनों के मुताबिक दोनों परिवारों के बीच पहले से कोई रंजिश नहीं थी। गौरिहार थाना प्रभारी रूपनारायण पटेरिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई थी। उपचार के दौरान युवक की मौत होने के बाद मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। प्रथम दृष्टया रामदीन कुशवाहा और पूरन कुशवाहा को आरोपी बनाया गया है। परिजनों द्वारा घटना में अन्य लोगों के शामिल होने की जानकारी भी दी गई है, जिनकी भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

खबर संक्षेप

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत स्कूलों में आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम

छतरपुर। मिशन शक्ति एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत छतरपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों में मासिक धर्म स्वच्छता एवं बाल अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य, सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना रहा। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की सोनल मिश्रा ने बालिकाओं से मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों पर चर्चा करते हुए मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, सैनिटरी पैड के सही उपयोग तथा उनके सुरक्षित निपटान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित मासिक चक्र स्वस्थ शरीर का संकेत है और इस विषय पर खुलकर चर्चा करना आवश्यक है। विभाग के संरक्षण अधिकारी अनिल तिवारी ने बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उनके अधिकारों एवं कानूनी संरक्षण के बारे में जागरूक किया। वहीं, वन स्टॉप सेंटर की रेखा शर्मा ने सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श (सेफ टच एवं अनसेफ टच) की जानकारी देते हुए महिला ऊर्जा डेस्क की भूमिका से अवगत कराया। कार्यक्रम में रोहित अवस्थी ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी प्रदान की और आवश्यकता पडने पर इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समापन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ष्एक पेड़ बेटी के नामष अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया।

जमीनी विवाद में दंपती पर जानलेवा हमला, जिला अस्पताल में भी मारपीट का आरोप

छतरपुर। जिला मुख्यालय के ग्राम अतरार में जमीनी विवाद को लेकर एक दंपती के साथ लाठी-डंडों से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित जमुना विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पीड़ित के मुताबिक उनका चचेरे भाई लखन विश्वकर्मा के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इस मामले में अतिरिक्त तहसीलदार छतरपुर के न्यायालय से लखन विश्वकर्मा के पक्ष में फैसला आया था। आरोप है कि इसी विवाद की रंजिश को लेकर 2 अगस्त की रात करीब 10:40 बजे नरेंद्र उर्फ नंदराम, रामदास कुशवाहा सहित करीब आठ अन्य लोगों ने घर के बाहर जमुना विश्वकर्मा के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर पत्नी अनीता विश्वकर्मा बीच-बचाव करने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित का आरोप है कि लाठी लगने से अनीता की दाईं कलाई में फ्रैक्चर हो गया, जबकि बाईं आंख के पास भी गंभीर चोट आई। घायल दंपती इलाज के लिए जिला चिकित्सालय छतरपुर पहुंचे। आरोप है कि आरोपी भी अस्पताल पहुंच गए और तीसरे तल पर दोबारा दंपती के साथ गाली-गलौज व मारपीट की। महिला की कमर में लात मारकर उसे गिराने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कराने की मांग की है। जमुना विश्वकर्मा का आरोप है कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने जब वह सिटी कोतवाली पहुंचा तो उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई। बाद में रास्ते में भी आरोपियों द्वारा घेरने का प्रयास किया गया, जिसके बाद उसने डायल 112 की मदद ली। पीड़ित परिवार ने एसपी से पूरे मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

झूठी एफआईआर दर्ज करने का आरोप, पीड़ित ने एसपी से लगाई निष्पक्ष जांच की गुहार

छतरपुर। राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम खजवा निवासी देवीदीन पटेल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंपकर उसके खिलाफ दर्ज कथित झूठी एफआईआर की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। पीड़ित के अनुसार 31 जुलाई 2026 की सुबह करीब 9:30 बजे खेत से घर लौटते समय खजवा चौराहे पर कुछ लोगों ने उसका रास्ता रोककर गाली-गलौज की और लोहे की रॉड व डंडों से हमला करने का प्रयास किया।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बीच-बचाव करने पहुंचे लोगों और अन्य ग्रामीणों के साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित ने एक व्यक्ति पर 12 बोर के देसी कट्टे से जान से मारने की नीयत से तीन फायर करने का भी आरोप लगाया है। घटना में बल्लू नामक व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट लगने और उसके बेहोश होने की बात आवेदन में कही गई है।

देवीदीन पटेल का कहना है कि घटना खजवा चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है और इसकी फुटेज भी उपलब्ध है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि घटना के बावजूद उसके पक्ष के लोगों के खिलाफ ही थाने में कथित रूप से झूठी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर दिया गया।

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही जांच के आधार पर वास्तविक दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई और कथित झूठी एफआईआर के मामले में न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

बाजार में जलभराव से खुली नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल

नालियों से उफनाकर सड़कों पर आया गंदा पानी, दुकानों और घरों तक पहुंचा

छतरपुर। जिले के नौगांव में मंगलवार दोपहर भीषण गर्मी और उमस के बीच हुई महज 10 मिनट की बारिश ने नगर पालिका की सफाई और जल निकासी व्यवस्था की हकीकत सामने ला दी। थोड़ी देर की बारिश में ही मुख्य बाजार समेत कई इलाकों की सड़कें पानी से लबालब हो गईं। बाजार की सड़कें तालाब जैसी नजर आने लगीं, जिससे दुकानदारों, ग्राहकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के दौरान नालियों का गंदा और बदबूदार पानी उफनाकर सड़कों पर बहने लगा। कई स्थानों पर यह पानी दुकानों और घरों तक पहुंच गया, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई। स्थानीय दुकानदारों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा नालियों की नियमित सफाई और उचित रखरखाव नहीं किया जा रहा है। नालियां जाम रहने के कारण बारिश का पानी तेजी से निकलने के बजाय सड़कों पर जमा हो जाता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि नौगांव में हर बारिश के दौरान इसी तरह के हालात बनते हैं। इसके बावजूद जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे। गंदा पानी सड़कों और रहवासी क्षेत्रों में फैलने से लोगों ने संक्रमण और बीमारियां फैलने की आशंका भी जताई है।

जलभराव से परेशान नगरवासियों ने पूरे घटनाक्रम के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा किए। वायरल वीडियो में बाजार और अन्य सड़कों पर जमा पानी तथा नालियों से निकलता गंदा पानी दिखाई दे रहा है। इसी दौरान कुछ युवक जलभराव वाली सड़कों पर वाहन चलाकर स्टंट करते भी नजर आए, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहा।नगरवासियों ने नगर पालिका और जिला प्रशासन से नालियों की नियमित सफाई कराने के साथ बेहतर जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बारिश से पहले नालों और नालियों की समुचित सफाई कराई जाए तथा ऐसे इंतजाम किए जाएं, जिससे हर साल बारिश के दौरान पैदा होने वाली जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

मूल्यांकन में गड़बड़ी से भड़के छात्र, कॉलेज गेट पर छात्र संगठन पदाधिकारी ने किया आत्मघाती प्रयास

छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में परीक्षा मूल्यांकन में कथित गड़बड़ी और शैक्षणिक अव्यवस्थाओं को लेकर छात्रों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर कुलपति को ज्ञापन सौंपने के बाद छात्र संगठन से जुड़े पदाधिकारी सत्येंद्र ने कॉलेज के मुख्य गेट पर आत्मघाती कदम उठाने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद छात्रों और सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर उन्हें सुरक्षित बचा लिया। घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया।

छात्रों ने हाल ही में घोषित परीक्षा परिणामों पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कॉपियों के मूल्यांकन में भारी लापरवाही बरती गई है। उनका कहना है कि एक ही विषय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को अनुत्तीर्ण कर दिया गया, जबकि कई विद्यार्थियों की मार्कशीट में संबंधित विषय में शून्य अंक दर्ज किए गए हैं। छात्रों ने इसे मूल्यांकन प्रक्रिया में गड़बड़ी बताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। छात्रों ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका आरोप है कि पिछले कई महीनों से नियमित कक्षाएं संचालित नहीं हो रही हैं और शिक्षकों की कमी के कारण पाठ्यक्रम भी समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा नए प्रवेश के दौरान दस्तावेज जमा करने सहित अन्य प्रक्रियाओं में भी विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने कुलपति से प्रभावित विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों की दोबारा जांच कर आवश्यक सुधार करने, नियमित कक्षाएं संचालित कराने और शिक्षकों की कमी दूर करने की मांग की है। छात्र संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया तो आने वाले दिनों में आंदोलन तेज किया जाएगा।

बारिश में भी नहीं रुकेगी पढ़ाई: संगम सेवालय ने बगौता के स्कूली बच्चों को बांटे रेनकोट

छतरपुर। बारिश के मौसम में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो और वे नियमित रूप से विद्यालय पहुंच सकें, इसके उद्देश्य से सामाजिक संस्था संगम सेवालय ने प्राथमिक शाला बगौता में रेनकोट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को रेनकोट वितरित किए गए। रेनकोट पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने बच्चों को रेनकोट वितरित करते हुए संगम सेवालय की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामाजिक प्रयास बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाने के साथ समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। संगम सेवालय की संचालिका श्रीमती अंजू अवस्थी ने बताया कि बरसात के दिनों में कई बच्चे बारिश में भीगने के डर से विद्यालय नहीं पहुंच पाते, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए संस्था ने बच्चों को रेनकोट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया, ताकि बारिश उनके विद्यालय आने में बाधा न बने और उनकी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रह सके। उन्होंने कहा कि संस्था आगे भी जरूरतमंद बच्चों और समाज के हित में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। कार्यक्रम में संस्था के विपिन अवस्थी, विद्यालय के प्राचार्य राकेश शुक्ला, प्रीति त्रिपाठी, गीता पटेरिया, नीरज दीक्षित, दीपू चतुर्वेदी, सविता लखेर, साधना सिंह, साक्षी रावत, पूजा रैकवार, पुष्पा चौरसिया और प्रिंसी मिश्रा सहित विद्यालय परिवार एवं संस्था के अन्य सदस्य मौजूद रहे। विद्यालय परिवार ने संगम सेवालय और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रेनकोट वितरण की यह पहल बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ उनकी शिक्षा की निरंतरता के लिए भी उपयोगी साबित होगी।

छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की मांग

एनएसयूआई ने दी सीएम हाउस और विधानसभा घेराव की चेतावनी

छतरपुर। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट द्वारा छात्रसंघ चुनाव कराने के संबंध में शासन को निर्देश दिए जाने के बाद छतरपुर में एनएसयूआई ने छात्र राजनीति को लेकर अपनी मांग तेज कर दी है। बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में एनएसयूआई पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता आयोजित कर छात्रसंघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने की मांग की। एनएसयूआई ने कहा कि यदि सरकार प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव नहीं कराती है तो संगठन आंदोलन करेगा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा शासन को छात्रसंघ चुनाव कराने के निर्देश दिए गए हैं। एनएसयूआई की मुख्य मांग है कि चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली के बजाय प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाएं, ताकि छात्र स्वयं अपने प्रतिनिधियों का चुनाव कर सकें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रदेश सरकार इस मांग को स्वीकार नहीं करती है तो एनएसयूआई द्वारा सीएम हाउस का घेराव किया जाएगा और आवश्यकता पडने पर विधानसभा का घेराव भी किया जाएगा। पूर्व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष लोकेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रेसवार्ता का उद्देश्य हाई कोर्ट के फैसले को लेकर संगठन का पक्ष रखना है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराने की बात कही है और एनएसयूआई सहित कांग्रेस से जुड़े छात्र नेताओं की मांग है कि चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से ही संपन्न कराए जाएं। पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजवर्धन मिश्रा ने कहा कि अब हाई कोर्ट के फैसले का पालन प्रदेश सरकार को करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 से 2026 तक छात्रसंघ चुनाव नहीं होना भाजपा सरकार की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ चुनाव होने से विद्यार्थियों को अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार मिलेगा और छात्र फीस सहित विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी आवाज मजबूती से उठा सकेंगे। प्रेसवार्ता में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष लखन पटेल, पूर्व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष लोकेंद्र वर्मा, पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजवर्धन मिश्रा, अश्वनी मिश्रा सहित कांग्रेस और एनएसयूआई के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ब्रेजा कार से 37 पेटी देशी शराब बरामद पुलिस को चकमा देकर चालक फरार

छतरपुर। सिविल लाइन थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नई तहसील के पास एक ब्रेजा कार से 37 पेटी देशी शराब बरामद की है। हालांकि पुलिस की घेराबंदी के दौरान कार चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली थी कि लाल रंग की ब्रेजा कार में बड़ी मात्रा में अवैध शराब ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रीय के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध कार को पकड़ लिया। इसी दौरान चालक वाहन छोड़कर भागने में सफल रहा।

पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें 37 पेटी देशी शराब रखी मिली। पुलिस ने शराब और ब्रेजा कार को जब्त कर लिया है। प्रारंभिक जांच में शराब को अवैध रूप से तस्करी के लिए ले जाए जाने की आशंका जताई जा रही है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की पहचान करने के साथ यह भी पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

खबर संक्षेप

सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राही 20 अगस्त तक डीबीटी एवं डीएलसी की कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूर्ण कराए

रीवा। नगर पालिक निगम रीवा द्वारा समस्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे अपने बैंक खातों में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) सक्रिय कराने तथा डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) प्रस्तुत करने की कार्यवाही दिनांक 20 अगस्त तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें। निगम द्वारा अवगत कराया गया है कि शासन के निर्देशानुसार जिन पेंशन हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी सक्रिय नहीं है, ऐसे हितग्राहियों को अगस्त माह से पेंशन का भुगतान नहीं किया जा सकेगा। साथ ही, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजना के कुछ हितग्राहियों की पेंशन डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) प्रस्तुत न होने के कारण बंद हो गई है। ऐसे हितग्राहियों की पेंशन डीबीटी एवं डीएलसी की कार्यवाही पूर्ण होने पर पुनः प्रारंभ हो सकेगी। इस संबंध में निगम द्वारा समस्त राजस्व उप निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ वार्ड प्रभारियों के माध्यम से संबंधित हितग्राहियों से तत्काल संपर्क स्थापित कर निर्धारित समय-सीमा में समस्त लंबित कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी पात्र हितग्राही की पेंशन बंद न हो तथा उन्हें समय पर योजना का लाभ प्राप्त होता रहे। कार्य की प्रतिदिन की प्रगति से निगम कार्यालय को अवगत कराने तथा समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित वार्ड प्रभारी की जवाबदेही निर्धारित किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

बरसते पानी में गांव पहुंचे कमिश्नर-कलेक्टर,

पढ़ाई में लापरवाही पर प्रभारी प्राचार्य सहित चार शिक्षकों का इंक्रीमेंट रोकने के निर्देश

रीवा। रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेंद्र सिंह और कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बुधवार को मूसलाधार बारिश के बीच ग्रामीण क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक सक्रियता का संदेश दिया। उन्होंने स्कूल, निर्माणाधीन पंचायत भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और तालाब का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्राम सिलपरा स्थित शासकीय प्राथमिक-माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कक्षा चौथी और छठवीं के विद्यार्थियों से सामान्य हिंदी पढ़वाई गई, लेकिन बच्चे अपेक्षित स्तर का प्रदर्शन नहीं कर सके। इस पर कमिश्नर ने गहरी नाराजगी जताते हुए शैक्षणिक कार्य में लापरवाही मानते हुए प्रभारी प्राचार्य ज्ञानचंद्र पयासी, शिक्षक विपिन श्रीवास्तव तथा शिक्षिकाएं कल्पना सिंह और शालिनी सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने और एक-एक वार्षिक वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट) रोकने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि बच्चों के शैक्षणिक स्तर में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को अंग्रेजी शब्दों के हिंदी अर्थ भी नियमित रूप से समझाए जाएं, ताकि उनकी भाषा संबंधी समझ मजबूत हो सके। निरीक्षण के दौरान कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों को अब तक पाठ्यपुस्तकें वितरित नहीं होने पर कमिश्नर ने बीआरसी को फटकार लगाते हुए तत्काल सभी छात्रों को पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में शौचालयों की गंदगी पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने शिक्षकों को 'वाओ ऐप' के माध्यम से सफाई कर्मियों की सेवाएं लेने के निर्देश दिए।

बाणसागर जल योजना का अधिकांश ढांचा तैयार, लेकिन घरेलू कनेक्शन केवल 1.54%

करोड़ों खर्च, फिर भी घरों तक नहीं पहुंचा पानी

करोड़ों की परियोजना अंतिम चरण में सुस्त, 1.29 लाख परिवारों को लाभ मिलने में अभी करना पड़ सकता है इंतजार

रीवा। विंध्य क्षेत्र के लाखों लोगों को घर-घर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना का अधिकांश तकनीकी ढांचा लगभग तैयार है। इंटेक वर्क, जल शोधन संयंत्र, मुख्य पाइपलाइन और वितरण नेटवर्क का काम तेजी से पूरा किया गया है, लेकिन जिस अंतिम कड़ी के माध्यम से लोगों के घरों तक पानी पहुंचना है, वही सबसे कमजोर साबित हो रही है।

विभागीय प्रगति रिपोर्ट बताती है कि योजना के तहत 1 लाख 29 हजार 338 घरेलू नल कनेक्शन दिए जाने हैं, लेकिन अब तक केवल 1.54 प्रतिशत कनेक्शन ही लगाए जा सके हैं। यह आंकड़ा इस बात की ओर संकेत करता है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद आम नागरिकों को योजना का वास्तविक लाभ मिलने में अभी लंबा समय लग सकता है।

योजना की वर्तमान प्रगति यह भी दर्शाती है कि जहां बड़े-बड़े निर्माण कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं, वहीं अंतिम चरण की धीमी गति पूरी परियोजना की सफलता पर सवाल खड़े कर रही है। यदि समय रहते घरेलू कनेक्शन का कार्य नहीं बढ़ाया गया तो तैयार हो चुके जल ढांचे का पूरा उपयोग भी संभव नहीं हो पाएगा। बता दे बाणसागर परियोजना के अंतर्गत बनाए गए 190 एमएलडी क्षमता वाले इंटेक वर्क का 94.25 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है। विभाग ने 30 मार्च 2026 से इंटेक वेल से जल शोधन संयंत्र तक पानी का प्रवाह भी शुरू कर दिया है। यानी कच्चे पानी की आपूर्ति की व्यवस्था अब लगभग तैयार मानी जा रही है। इसी प्रकार 4.302 किलोमीटर लंबी रॉ वाटर पंपिंग मेन का 98.50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा इसमें भी पानी का संचालन किया जा रहा है। वहीं 17.47 किलोमीटर लंबी क्लियर वाटर पंपिंग मेन का 92.65 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसका मतलब यह है कि पानी स्रोत से शोधन संयंत्र और वहां से आगे वितरण प्रणाली तक पहुंचने का मार्ग लगभग तैयार है।

चार हजार किलोमीटर से अधिक बिछ चुकी पाइपलाइन

योजना के अंतर्गत जल वितरण के लिए 5237.26 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 4036.08 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। यानी वितरण नेटवर्क का 84.57 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। वहीं 1890.96 किलोमीटर लंबी क्लियर वाटर ग्रेविटी मेन में 1863.30 किलोमीटर पाइप की खरीद पूरी हो चुकी है तथा 1540.30 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। इसी लाइन के माध्यम से पानी जेडएमबीआर-01 तक पहुंचाया भी जा चुका है। यह स्थिति दर्शाती है कि पानी को गांवों और कस्बों तक पहुंचाने का आधारभूत ढांचा लगभग तैयार है।

309 पानी की टंकियां बन रहीं, लेकिन काम अभी आधा

योजना के तहत जिलेभर में 309 उच्च स्तरीय जल टंकियों का निर्माण किया जा रहा है। सभी टंकियों के सेगमेंट तैयार किए जा चुके हैं। 302 टंकियों की नींव पूरी हो चुकी है। 277 टंकियों के सेगमेंट तैयार हैं, जबकि 225 जिंक एल्यूम टैंक भी स्थापित किए जा चुके हैं। इसके बावजूद इस हिस्से की कुल प्रगति केवल 56.22 प्रतिशत दर्ज की गई है। यानी कई टंकियों का निर्माण अभी पूरा होना बाकी है। इसके अतिरिक्त 32 जीएलएमबीआर और जेडएमबीआर संरचनाओं में से एक जीएलएमबीआर तथा 11 जेडएमबीआर का सिविल कार्य पूरा हो चुका है।

सबसे कमजोर कड़ी बना घरेलू नल कनेक्शन

पूरी परियोजना का उद्देश्य प्रत्येक घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, लेकिन यही काम सबसे अधिक पीछे चल रहा है। विभाग ने 1,29,338 घरों में नल कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा था, लेकिन अब तक मात्र 1.54 प्रतिशत कनेक्शन ही लगाए जा सके हैं। इसका अर्थ है कि 98 प्रतिशत से अधिक परिवार अभी भी योजना के लाभ से वंचित हैं। यही कारण है कि करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रहा जल ढांचा अभी आम लोगों के लिए उपयोगी नहीं बन पाया है।

धीमी रफ्तार बनी तो बढ़ेगी परियोजना की लागत

बुनियादी ढांचे का निर्माण पूरा होने के बाद यदि घरेलू कनेक्शन समय पर नहीं दिए जाते तो कई तरह की व्यावहारिक समस्याएं सामने आ सकती हैं। लंबे समय तक उपयोग नहीं होने पर पाइपलाइन और अन्य संरचनाओं के रखरखाव पर अतिरिक्त खर्च आएगा। दूसरी ओर जिन क्षेत्रों में लोग वर्षों से इस योजना का इंतजार कर रहे हैं, वहां निराशा भी बढ़ सकती है।

घटिया सड़क निर्माण की हो जांच : नृपेन्द्र सिंह पिन्टू

रीवा। मऊगंज जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एंव जनपद सदस्य नईगढी नृपेन्द्र सिंह पिन्टू ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन सहित प्रमुख अभियन्ता म.प्र. शासन, मुख्य अभियन्ता रीवा संभाग एंव कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जिला रीवा को शिकायत कर अर्धनिर्मित सड़क के गुणवत्ता जांच की मांग की है। अपने शिकायती पत्र में कांग्रेस नेता ने कहा है की लोक निर्माण विभाग द्वारा नईगढी विकासखंड अन्तर्गत ग्राम छत्रगढ खुर्द से ग्राम कशियारगांव तक सडक का निर्माण कराया जा रहा है विभाग द्वारा चिन्हित एजेंसी द्वारा पिछले तीन बर्षो से इस सडक का निर्माण किया जा रहा है परन्तु यह निर्माण अभी तक पूर्ण नही हुआ है, जो निर्माण हुआ भी है वह इतना घटिया है की एक साल में ही सड़क खराब होने लगी है, मार्ग पर निर्मित पुलिया भी जर्जर होने की स्थिति में है, इस सडक के निर्माण में स्थानीय स्तर पर मिलने बाली गिट्टी,सीमेंट का उपयोग किया गया है, अधिकतर काम रात के अंधेरे में किए गए हैं । पुलिया निर्माण में शासन के मानक के अनुरूप लोहा नही लगाया गया है जिस कारण निर्माण कार्य पूर्ण होने के पहले ही क्षतिग्रस्त होने लगा है। स्थानीय निवासियों द्वारा इसकी शिकायत

कई बार की गई लेकिन विभाग और ठेकेदार की मिली भगत के कारण कोई कार्यवाही नही हुई । यह सडक दस-बारह गांव के निवासियों को राष्ट्रीय राजमार्ग मनगंवा- प्रयागराज मार्ग से जोडती है जो की गढ कस्बे में मिलती है। इस मार्ग से 24 घन्टे लोगों की आवाजाही बनी रहती हैं ज्यादातर बच्चे गढ कस्बा स्थित स्कूलों में पढने इसी मार्ग से जाते - आते हैं। इतने महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण में इस तरह की घोर लापरवाही हो रही है और जिम्मेदार विभाग मौन बैठा हुआ है। लोक निर्माण विभाग के सभी बरिष्ठ अधिकारियों को इस सडक की जांच शीध्र कराकर दोषी ठेकेदार के विरूद्ध उचित कार्यवाही करना चाहिए।

मेरिट लिस्ट में आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि से किया गया सम्मानित

सेवानिवृत्ति क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ बी एल मिश्रा ने प्रदेश की प्रवीण सूची में नौवां स्थान बनाने वाले शिवम नामदेव को किया सम्मानित

रीवा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजुहा राज्य की प्रवीण सूची में जगह बनाने वाले छात्रों का सम्मान किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाचार भी डॉक्टर बी एल मिश्रा रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार गौतम ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य अंजू मिश्रा एवं वरिष्ठ चिकित्सक के. के परोहा ने किया । मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य समाजसेवी डॉ. बी. एल. मिश्रा एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अंजू मिश्रा द्वारा छात्र शिवम नामदेव को प्रोत्साहन स्वरूप □ 50000 की राशि चेक राशि एवं □50000 विद्यालय को प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। ज्ञात हो कि शिवम ने कक्षा 10वीं में राज्य स्तर की प्रवीण्य सूची में 9वां स्थान प्राप्त किया है।
विशिष्ट अतिथि डॉ. के. के. परोहा सेवानिवृत्त विशिष्ट चिकित्सक ने विद्यालय की छात्रा प्रियंका त्रिपाठी को □11000 उपहार स्वरूप प्रदान करके प्रोत्साहित किया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजुहा में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में
मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रोत्साहन राशि देकर विद्यार्थियों को आने वाली चुनौतियों से निपटने का प्रयास है, इससे अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित होकर बोर्ड परीक्षा में मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करेंगे । उन्होंने कहा कि अगला प्रतिभा सम्मान समारोह जन शिक्षा केंद्र शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय महसाव रीवा में आयोजित कर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने का निश्चय किया।

प्रतिभा सम्मान समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार गौतम ने प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की मेरिट सूची में जगह बनाने वाले विद्यार्थियों की 2 साल की फीस माफ करने का संकल्प लिया । विद्यालय परिवार ने सभी सदस्यों एवं ग्रामीण जनों को सादर अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर ग्रामीण जन , छात्रो ने विद्यालय का उत्साहवर्धन किया ।प्रतिभा सम्मान समारोह में शरद चंद्र त्रिपाठी, राजकुमार सिंह, राजेश पटेल, भास्कर दत्त त्रिपाठी, एवं सेवानिवृत शिक्षक संजय श्रीवास्तव एवं शेषमणि शर्मा को भी सम्मानित किया गया । सम्मान समारोह मे विद्यालय के शिक्षक सूर्य प्रकाश मिश्रा, शशि मिश्रा, आर पी मिश्रा, रामकृष्ण द्विवेदी, विशाल शुक्ला, रामशरण सोनी, राकेश मिश्रा, रामनिवास तिवारी सहित जन शिक्षा केंद्र खजुआ के शिक्षक गण, ग्रामीण जन एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

मध्यप्रदेश में छात्र संघ चुनाव की वापसी का स्वागत

लोकतांत्रिक नेतृत्व निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम: बिजेन्द्र गौतम

रीवा। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार को सितंबर 2026 में छात्र संघ चुनाव कराने के निर्देश दिए जाने का भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) के पूर्व प्रांत मंत्री (महाकोशल) बिजेन्द्र गौतम ने स्वागत किया है। उन्होंने इसे प्रदेश में लोकतांत्रिक परंपराओं की पुनर्स्थापना और युवा नेतृत्व के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय बताया।

बिजेन्द्र गौतम ने कहा कि वर्ष 2017 से प्रदेश के सरकारी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव बंद थे। न्यायालय के इस निर्णय से विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी नेतृत्व क्षमता का विकास होगा और वे छात्र हितों की आवाज प्रभावी ढंग से उठा सकेंगे।

उन्होंने प्रदेश के सभी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे अनुशासन, ईमानदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए छात्र संघ चुनावों में सक्रिय भागीदारी करें तथा अपने शिक्षण संस्थानों में स्वस्थ, सकारात्मक और शैक्षणिक वातावरण के निर्माण में योगदान दें।

बिजेन्द्र गौतम ने कहा कि उनके राजनीतिक एवं सार्वजनिक जीवन की शुरुआत कक्षा 10वीं में विद्यालय के छात्र संघ चुनाव से हुई थी। छात्र राजनीति ने उन्हें नेतृत्व, संगठन और जनसेवा का अवसर दिया। इसके बाद उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्र नेता के रूप में छात्र हितों से जुड़े विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाई और प्रदेश में छात्र संघ चुनाव पुनः प्रारंभ कराने की मांग भी लगातार उठाई। उन्होंने कहा कि इसलिए यह निर्णय उनके लिए व्यक्तिगत रूप से भी अत्यंत खुशी का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छात्र संघ चुनाव नई पीढ़ी में लोकतांत्रिक संस्कार, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करेंगे तथा विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बनेंगे।

एस.एफ. चौराहे का हुआ सौंदर्यीकरण, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था एवं फव्वारों से बढ़ी शहर की सुंदरता

रीवा। नगर पालिक निगम रीवा द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण एवं आधुनिक शहरी विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए पुलिस पेट्रोल पंप एसएएफ चौराहे के सौंदर्यीकरण कार्य को पूर्ण कर महापौर अजय मिश्रा बाबा एवं निगम आयुक्त अक्षत जैन की उपस्थिति में आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, फव्वारों एवं अन्य विकसित सुविधाओं का शुभारंभ किया गया तथा नव-विकसित चौराहे को आमजन को समर्पित किया गया।आधुनिक डिज़ाइन, हरियाली, आकर्षक लाइटिंग, फव्वारों से सुसज्जित यह चौराहा अब शहर की सुंदरता में नई पहचान जोड़ेगा।

इस अवसर पर महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि पुलिस पेट्रोल पंप एस एएफ चौराहे का नया स्वरूप शहर की सुंदरता को बढ़ाएगा और यहां से गुजरने वाले लोगों को बेहतर अनुभव मिलेगा। नगर निगम आयुक्त अक्षत जैन ने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों को बेहतर स्वरूप देने के लिए नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। पुलिस पेट्रोल पंप एसएएफ चौराहे का सौंदर्यीकरण उसी प्रयास का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अन्य प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों का भी चरणबद्ध तरीके से विकास एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि शहर की सुंदरता बनाए रखने में सभी अपना सहयोग दें तथा सार्वजनिक संपत्तियों का संरक्षण करें।

सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, 95 हजार नकद और 5-6 लाख के जेवरात चोरी

रीवा।

जिले में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। लगातार सामने आ रही सेंधमारी की घटनाओं ने आमजन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत करहिया नंबर-1 का है, जहां अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर करीब 95 हजार रुपए नकद तथा लगभग 5 से 6 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करहिया नंबर-1 निवासी पूनम साकेत अपने परिवार के साथ रहती हैं। उनके पति रोजगार के सिलसिले

में महाराष्ट्र के पुणे में नौकरी करते हैं, जबकि घर में पूनम अपनी जेठानी के साथ निवास करती थीं। घटना वाले दिन दोनों महिलाएं अपने-अपने मायके चली गई थीं, जिससे मकान पूरी तरह सूना पड़ा था। इसी अवसर का फायदा उठाकर अज्ञात चोर देर रात मकान तक पहुंचे और मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए। चोरों ने घर के अंदर रखी अलमारी और बक्सों को खंगाल डाला। पीड़िता के अनुसार घर में रखे 95 हजार रुपए नकद के अलावा शादी एवं पारिवारिक कार्यक्रमों में उपयोग होने वाले सोने-चांदी के आभूषण भी चोर अपने साथ ले गए। चोरी गए जेवरातों की अनुमानित कीमत 5 से 6 लाख रुपए बताई जा रही है। वारदात के दौरान चोरों ने पूरे घर को अस्त-व्यस्त कर दिया।बताया जा रहा है कि जब पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देखा तो उन्होंने तत्काल पूनम साकेत को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर वह घर पहुंचीं तो मुख्य दरवाजा खुला मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी के ताले टूटे हुए थे तथा नकदी और जेवरात गायब थे। घटना देखकर परिवार के होश उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता ने चोरहटा थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर अज्ञात चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं

जिले में बीते कुछ समय से चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सूने मकानों को निशाना बनाया जा रहा है। लगातार हो रही सेंधमारी की वारदातों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

उच्च पदों पर बैठे बड़े बूढ़े गालीबाजों के बजाय बच्चों पर एफआईआर गैर-जिम्मेदाराना शर्मनाक : अजय खरे

नाबालिग पर अनुचित दवाब और फोटो वायरल करने की बात आपराधिक कृत्य

रीवा । समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि देश में जगह-जगह बात बात में महिलाओं को सम्बोधित गालियों की रोकथाम के लिए राजनैतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों की ओर से व्यापक पहल होना चाहिए। श्री खरे ने कहा कि जिस घर का मुखिया गालीबाज है तो पारिवारिक माहौल खराब होना स्वाभाविक है। यही बात देश और समाज के नेतृत्व पर भी लागू होती है। प्रधान गालीबाज के चलते देश की राजनीति में भी गाली गलौज को बढ़ावा मिल रहा है। सड़क से संसद तक यही देखने को मिल रहा है। कुछ दिन पहले जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन के दौरान निहत्थे आंदोलनकारियों को पुलिस, अर्धसैनिक बल के साथ साथ गुण्डों के द्वारा कीलें ठोंकी लाठियों, आंसू गैस गोले और पैलेट गन से हमले किए गए थे। इसके चलते बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं ज़ख्मी हुए। उन्हें भद्दी भद्दी गालियां दी गई। उन पर झूठा मामला बनाकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रताड़ना के शिकार छात्र-छात्राओं में से कुछ पीड़ित नाबालिग छात्र छात्राओं ने गुस्से में आकर कुछ कह दिया तो उन्हें बदनाम करने वीडियो तक जारी कर दिया गया।

भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी बने

मऊगंज। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, मध्यप्रदेश ने मऊगंज जिले में संगठन को नई मजबूती देते हुए उमाशंकर त्रिपाठी को किसान मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति की घोषणा के बाद जिले भर के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी। वहीं, उमाशंकर त्रिपाठी ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए किसानों के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा द्वारा घोषित की गई। नियुक्ति की जानकारी सामने आते ही मऊगंज जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों



के बीच खुशी का माहौल बन गया। पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने उमाशंकर त्रिपाठी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की उम्मीद जताई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के माध्यम से किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत किया जाएगा। उमाशंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गिरीश गौतम, सांसद जनार्दन मिश्रा, विधायक प्रदीप पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, संभागीय प्रभारी विजय दुबे, जिला प्रभारी शशांक श्रीवास्तव, सिद्धार्थ तिवारी 'राज' सहित सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

बैंक से जुड़कर शासकीय बैंकिंग योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं-संतोष मिश्र

मऊगंज। जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी की ग्राम पंचायत देवरी सेगरान अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक देवरी सेगरान मे वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक देव रंजन शर्मा द्वारा किया गया जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाऊंडेशन) संतोष कुमार मिश्र रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच डीके तिवारी ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर गांव के वरिष्ठ नागरिक एवं पत्रकार दीपक तिवारी उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिश्र ने ग्राम पंचायत के सरपंच उपस्थित कर्मचारियों एवं हितग्राहियों का अभिवादन किया तत्पश्चात सरकार द्वारा संचालित बैंकिंग योजनाओं के बारे में बिंदुवार जानकारी दें जैसे उन्होंने कहा की किसी भी शासकीय योजना का पैसा बैंक के माध्यम से ही मिलता है इसलिए बैंक में खाता होना बहुत आवश्यक है अधिकतर लोगों के खाते खुले हुए हैं परंतु डीबीटी, केवाईसी, नॉमिनी ,और मोबाइल नंबर, न होने से पात्र हितग्राही लाभ से वंचित हो जाते हैं इसलिए जिस व्यक्ति का जहां पर खाता है वहां जाकर अपनी डीबीटी केवाईसी नामिनी अवश्य करा ले तथा अपने खाते में मोबाइल नंबर दर्ज कर दें ताकि बैंक की पूरी जानकारी मैसेज के माध्यम से आपको समय-समय पर मिलती रहे इन सब बातों को करने के लिए बैंक को अलग से चार्ज नहीं देना होगा।

उन्होने किसान भाइयों से विशेष आग्रह किया कि जो अपनी फसल बोए हैं उसकी फसल बीमा जरूर करा लें

जिससे आपके फसल का कोई नुकसान हो तो बीमा के माध्यम से उसकी भरपाई की जा सके अंत में साइबर फ्रॉड के संबंध में श्री मिश्र ने जागरूक किया उन्होंने कहा कि यदि आपके पास कोई अजनबी व्यक्ति फोन कर आपकी गोपनीय जानकारी या ओटीपी मांगता है उसको बिलकुल ही ना दें सावधान रहें सतर्क रहें परंतु यदि धोखे से आपका पैसा कट जाता है तो 1930 में तत्काल फोन लगाकर उस खाता को होल्ड कर सकते हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत के सरपंच श्री तिवारी ने कहा कि आज जो हमारे आंगनबाड़ी केंद्र में वित्तीय साक्षरता का कार्यक्रम हुआ इससे हम लोगों को बहुत महत्वपूर्ण जानकारी मिली और बहुत सारी ऐसी योजनाएं हैं कि हम लोगों को मालूम नहीं थी और उसका लाभ नहीं ले पाते थे इसलिए हम अपने गांव के हित ग्राहियों से विशेष आग्रह करते हैं की बैंक से जोड़कर अधिक से अधिक शासकीय योजनाओं का लाभ लें कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक देव रंजन शर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी सदा मीरा शर्मा अंजू तिवारी आशा कार्यकर्ता रीता पटेल ममता साकेत रानी साकेत सहायिका रेखा तिवारी राजकली साकेत सुभा पटेल हितग्राहियों में भगवानी आदिवासी सुनीता साकेत रानी साकेत रानी कोल शकुंतला साकेत लक्ष्मीनिया साकेत देववती साकेत निशा साकेत प्रीति साकेत आदि लोग उपस्थित रहे।